# राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद

## वर्ष 2022-23 के दौरान उपलब्धियां

राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद (NCCT) सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रवर्तित सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत पंजीकृत एक सोसायटी है। एनसीसीटी का सर्वोच्च निकाय शासी परिषद (गवर्निंग काउंसिल) है, जिसके अध्यक्ष माननीय केंद्रीय सहकारिता मंत्री हैं। एनसीसीटी देश में सहकारी क्षेत्र में काम करने वाले कार्मिकों के साथ-साथ सहकारी क्षेत्र के अन्य हितधारकों के लिए सहकारी प्रशिक्षण की व्यवस्था के आयोजन, निर्देशन, निगरानी और मूल्यांकन के लिए जिम्मेदार है। राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद की ये गतिविधियाँ पूरे देश में स्थित इसके राष्ट्रीय स्तर, क्षेत्रीय स्तर और राज्य स्तर पर 20 संस्थानों के माध्यम से संचालित की जाती हैं। सभी आरआईसीएम और आईसीएम सी-पैक, बर्ड, लखनऊ से मान्यता प्राप्त हैं।

**"सहकारी मॉडल 'जनता द्वारा उत्पादन' और 'जनता के लिए उत्पादन' को जोड़ने वाला एकमात्र मॉडल है"**



**श्री अमित शाह जी, माननीय केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री और अध्यक्ष, एनसीसीटी**



**श्री बी.एल. वर्मा, सहकारिता राज्य मंत्री और उपाध्यक्ष, एनसीसीटी के साथ वैम्निकॉम के निदेशक, संकाय एवं छात्र समूह**




**श्री ज्ञानेश कुमार, सचिव, सहकारिता मंत्रालय और मुख्य अतिथि एनसीसीटी की पुस्तक का विमोचन करते हुए**



## अब तक की उच्चतम उपलब्धि

वर्ष 2022-23 एनसीसीटी के लिए एक वाटरशेड वर्ष रहा है क्योंकि परिषद ने सभी मोर्चों पर उच्चतम उपलब्धि दर्ज की है - चाहे वह आयोजित किए गए प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रमों की संख्या हो, या प्रशिक्षित प्रतिभागियों की संख्या, या कार्यशालाओं / वेबिनारों / आयोजित सेमिनारों की संख्या हो या भारत सरकार की योजनाओं, कार्यक्रमों और नई पहलों के बारे में जनता के बीच जागरूकता का प्रसार करने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करना हो। वर्ष 2022-2023 के दौरान, एनसीसीटी की प्रमुख उपलब्धियां निम्नानुसार थीं:



**i)** **1740** कार्यक्रमों और **43500** प्रतिभागियों के लक्ष्य परिपेक्ष में **201507** प्रतिभागियों को शामिल करते हुए कुल **3287** प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं;

**ii)** कुल **565** उच्च स्तरीय राष्ट्रीय वेबिनार / सेमिनार / कार्यशालाएं आयोजित की गईं;

**iii)** **17.54** करोड़ रुपये (पूर्व-लेखापरीक्षित) के आंतरिक संसाधन सृजन की रिकॉर्ड राशि अर्जित की गई;

**iv)** वर्ष के दौरान **51.21** करोड़ रुपये का अनुमानित व्यय;

## प्रशिक्षण कार्यक्रमों की श्रेणी

एनसीसीटी ने अपने कार्यक्रमों को इस तरह से डिजाइन किया है कि वे देश में सभी प्रकार की सहकारी समितियों और सहकारी कर्मियों की आवश्यकताओं के अनुरूप हों। एनसीसीटी निम्न श्रेणियों में अपने प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है:

i) दीर्घकालिक स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम, जैसे पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट-एग्री बिजनेस मैनेजमेंट (PGDM-ABM), व्यवसाय प्रबंधन में स्नातकोत्तर (MBA), बीबीए आदि।

ii) दीर्घकालिक डिप्लोमा कार्यक्रम, जैसे सहकारी व्यवसाय प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा, सहकारी प्रबंधन में उच्चतर डिप्लोमा पाठ्यक्रम (HDCM), sectoral डिप्लोमा आदि।

iii) क्रेडिट (पीएसीएस, यूसीबी) और गैर-क्रेडिट क्षेत्र (डेयरी, मत्स्य पालन, हथकरघा, विपणन, आदि) में अल्पावधि प्रशिक्षण पाठ्यक्रम। इसके अलावा, पुनर्वास महानिदेशालय (डीजीआर) से सशस्त्र कार्मिकों के लिए भी आवश्यकतानुसार कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

iv) पैक्स के लिए वेयरहाउसिंग एंड डेवलपमेंट रेगुलेटरी अथॉरिटी (डब्ल्यूडीआरए) और नाबार्ड-सॉफ्टकोब के तहत तीन से पांच दिनों के कार्यक्रम आयोजित किए गए।

v) डेयरी और यूसीबी क्षेत्र के लिए आयोजित कार्यक्रम - **289 कार्यक्रम, 9110 प्रतिभागी**

vi) एनसीसीटी द्वारा प्रशिक्षित कुल प्रतिभागियों में से **77209** महिला प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया।

vii) कुल प्रतिभागियों का सारांश - **201507 (सामान्य - 102385, एससी - 25862, एसटी - 20621, ओबीसी - 52639)**

viii) **एनसीसीटी कर्मचारियों की क्षमता निर्माण :**

- **संकाय विकास कार्यक्रम - 12** संकाय सदस्यों को मैनेजमेंट केस पर प्रशिक्षण दिलवाया गया, **5** संकाय सदस्यों को बर्ड द्वारा आयोजित समुदाय आधार

संगठन पर क्षमता निर्माण, **6** संकाय सदस्यों को बर्ड द्वारा आयोजित प्राचार्यों/निदेशकों का अखिल भारतीय सम्मेलन मे नामित किया गया।

- एनसीसीटी के कर्मचारियों के लिए दो प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए - एक "जीएसटी, टीडीएस, पीएफएमएस अनुपालन और एनसीसीटी की एमआईएस रिपोर्ट" पर जिसमें 39 कार्यालय अधीक्षक और लेखाकार शामिल थे और दूसरा "पुस्तकालय सूचना प्रणाली और सामग्री प्रबंधन के आधुनिकीकरण के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना" पर एनसीसीटी संस्थानों के 22 लाइब्रेरियन शामिल थे।;

## उच्च स्तरीय राष्ट्रीय वेबिनार / सेमिनार

वर्ष 2022-23 के दौरान, एनसीसीटी, नई दिल्ली द्वारा निम्नानुसार सात उच्च स्तरीय वेबिनार / सेमिनार आयोजित किए गए:

I. आजादी के अमृत महोत्सव के 75वें वर्ष के अवसर पर, एनसीसीटी ने दिनांक 29 अप्रैल, 2022 **को "प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों का कायाकल्प - उभरते मुद्दे, चुनौतियां और आगे की राह"** विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया। वेबिनार में रिकॉर्ड 8113 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

II. अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर, एनसीसीटी ने 2 जुलाई, 2022 को **"सहकारिता प्रशिक्षण में अभिसरण और स्केलिंग अप"** विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया। वर्ष 2022 के अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस का विषय था "सहकारिता एक बेहतर दुनिया का निर्माण करती है"। इस वेबिनार में रिकॉर्ड 988 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

III. एनसीसीटी द्वारा 12 जनवरी, 2023 को LINAC, गुरुग्राम में **सहकारी विकास पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन** का आयोजन किया गया। श्री ज्ञानेश कुमार, आईएएस, सचिव, सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार ने मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस सम्मेलन में कुल 92 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

IV. मॉडल उप-नियमों में चिन्हित किए गए नए व्यवसायों के बारे में व्यापक जागरूकता लाने के लिए, एनसीसीटी ने 30 जनवरी, 2023 को **"पैक्स के लिए मॉडल उप-नियमों के माध्यम से उभरते नए व्यापार अवसर"** विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया। अपने संबंधित क्षेत्रों में प्रतिष्ठित आठ गणमान्य व्यक्तियों ने प्रतिभागियों को संबोधित किया। इस वेबिनार में देश भर से कुल 2893 प्रतिभागी शामिल हुए।

V. वर्ष 2023-24 के केंद्रीय बजट की घोषणा के तुरंत बाद, एनसीसीटी ने (i) **"चीनी सहकारी समितियों को राहत"**; और (ii) **"आयकर प्रस्तावों का प्रभाव"** के विषय पर 7 फरवरी, 2023 को पर एक वेबिनार का आयोजन किया, जिसमे मुख्य वक्ता श्री सतीश

मराठे, निदेशक, केंद्रीय बोर्ड, आरबीआई द्वारा सम्बोधन दिया गया था। वेबिनार में देश भर से कुल 839 प्रतिभागी शामिल हुए।

VI. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने के लिए, एनसीसीटी ने 7 मार्च, 2023 को "**सहकारिता में जेंडर समानता और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए नवाचार और तकनीकी परिवर्तन**" विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया। इस वेबिनार में कुल 751 प्रतिभागी शामिल हुए।

VII. साइबर सुरक्षा के महत्व और हैकर्स द्वारा उत्पन्न किए गए खतरों को ध्यान में रखते हुए, एनसीसीटी ने दिनांक 24 मार्च, 2023 को "**सहकारी क्षेत्र के लिए साइबर सुरक्षा तैयारी**" विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया। कुल 1267 प्रतिभागी इस वेबिनार में शामिल हुए।

## प्रचार एवं पहुंच

### लक्षित समूह : ग्रासरूट लेवल के सदस्य, निर्देशक मण्डल एवं कार्मिक

- विभिन्न सोशल मीडिया के उपयोग के माध्यम से सहकारिता मंत्रालय द्वारा की गई पहलों के बारे में सूचना के प्रसार में एनसीसीटी ने बड़ी भूमिका निभाई।
- पैक्स के मॉडल उपनियमों, पैक्स के कम्प्यूटरीकरण, बीज, जैविक और निर्यात पर बहु -राज्य सहकारी समितियों और सहकारी क्षेत्र के लिए आयकर प्रावधानों पर भी समाचार लेख लिखे गए। इन सभी लेखों का 12 क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद किया गया और सरकार द्वारा ऊपर बताए गए 6 पहलों पर कुल 207 लेख प्रकाशित किए गए। इसके माध्यम से सरकार की उपर्युक्त योजनाओं और पहलों को कुल मिलाकर 6.19 करोड़ जनता के बीच पहुंचाया गया है।
- एनसीसीटी के फेसबुक पेज (https://www.facebook.com/ncctandinstitutes/) से पता चलता है कि एनसीसीटी फेसबुक पर औसतन 65,000 लोग रोजाना विजिट करते हैं और इसकी मासिक पहुंच अब लगभग 19.40 लाख हो गई है। इसी तरह, एनसीसीटी के ट्विटर (https://twitter.com/ncct_institutes/) की मासिक पहुंच लगभग 60,000 व्यक्तियों तक हो गई है।

### प्रकाशन एवं संसाधन

- एनसीसीटी ने आजादी के अमृत महोत्सव के 75वें वर्ष की पूर्व संध्या पर “भारत की सफल सहकारी समितियों की एक गाथा” नामक पुस्तक प्रकाशित की गई।
- सहकारी प्रशिक्षण संस्थानों की निर्देशिका प्रकाशित की गई।

- 100 सहकारी बैंकों की गाथा जिन्होंने 100 से अधिक वर्षों तक लोगों की सेवा की हैं।
- प्रशिक्षण क्षमता निर्माण और जागरूकता कार्यक्रम के लिए पठन सामग्री/मॉड्यूल का ई-भंडार (www.ncct.ac.in/sm/)

## हितधारकों से परामर्श


सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार और राज्य में सहकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि और प्रशिक्षण इकाइयों के प्रतिष्ठित विद्वानों की अध्यक्षता में आरआईसीएम/आईसीएम की कार्यक्रम सलाहकार समिति (पीएसी) के माध्यम से हितधारकों के साथ थ्रेडबेयर चर्चा के बाद प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अपने कैलेंडर को तैयार और अंतिम रूप देना। प्रदेश में वार्षिक प्रशिक्षण गतिविधियों एवं कार्यक्रम हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रमों के कलैण्डर को अंतिम रूप देकर क्रियान्वित किया जाता है।






# एनसीसीटी - ग्राफिकल प्रस्तुति


### पिछले 5 वर्षों में प्रशिक्षित प्रतिभागी





### पिछले 5 वर्षों में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम





### राष्ट्रीय और राज्य के सेमिनार/कार्यशालाएं/वेबिनार





### राष्ट्रीय और राज्य के सेमिनार/कार्यशालाएं/वेबिनार






### नाबार्ड सॉफ्टकोब के सहयोग द्वारा किए गए पैक्स कार्यक्रम





### वैज्ञानिक भंडारण पर पैक्स के लिए जागरूकता कार्यक्रम








## पिछले 3 वर्षों के दौरान एनसीसीटी का व्यय एवं आंतरिक आय सृजन



## विभिन्न हितधारकों के साथ विभिन्न कार्यक्रमों के अवसर पर तस्वीरों की झलक










G20 भारत 2023 INDIA

NCCT NEW DELHI

Azadi Ka Amrit Mahotsav
























G20 भारत 2023 INDIA

NCCT NEW DELHI

Azadi Ka Amrit Mahotsav















